प्रेषक

निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

प्राचार्य,
राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालय

यादी क्रमांक KW 23/8–2013 एम0ई0 (4)
दिनांक, पंचकूला

विषयः नवचयनित (ग्रुप डी) पीयन के पद पर कार्य ग्रहण बारे।

*****

उपरोक्त विषय इस निदेशालय के यादी क्रमांक KW 23/8–2013 एम0ई0 (4) दिनांक 25.01.2019 की निरन्तरता में।

संदर्भित पत्र के अन्तर्गत नव–चयनित उम्मीदवारों के ग्रुप डी पीयन के पद पर नियुक्ति हेतु नाम भेजे गए थे तथा निर्देश दिए गए थे कि इनके शैक्षणिक योग्यता एवं कैटगरी आदि से सम्बन्धित प्रपत्रों की जांच कर उन्हें नियुक्ति प्रदान करें। इसके उपरान्त यह भी सूचित करने के निर्देश दिए गए थे कि आपके महाविद्यालयों को अलॉट किन–किन उम्मीवारों द्वारा कार्यग्रहण कर लिया गया है तथा किन द्वारा अभी तक कार्य ग्रहण नहीं किया गया है। अतः वर्णित स्थिति में लिखा जाता है कि जिन उम्मीदवारों का नाम आपके महाविद्यालयों में नियुक्ति हेतु दिया गया था यदि उनमें से किसी ने अभी तक नियुक्ति/कार्यग्रहण हेतु आपको रिपोर्ट नही किया है तो उन्हें लिखित/दूरभाष से कार्यग्रहण करने हेतु सूचित करें तथा उन्हें यह स्पष्ट कर दिया जाए कि यदि इसके उपरान्त भी कार्यग्रहण नहीं किया गया तो उनका Candidature रदद कर दिया जाएगा तथा इसकी सूचना तुरन्त निदेशालय को भेजी जाए।

भीमसिंह 13/2/19

उप–अधीक्षक एम.ई.
कृतेः निदेशक उच्चतर शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।